
पृष्ठ... 3 पर पढ़ें..

**भाजपा के घोषणा पत्र में UCC का वादा**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 37 | सोमवार, 15 अप्रैल 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# कैश वैन पर चुनाव आयोग की कड़ी नजर



- **कैश ले जाने वालों में चुनाव टीम की दहशत**
- **फ्लाइंग स्क्वॉड को मिली शाबाशी**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में चुनाव के दौरान नकदी व अन्य मामलों पर नजर रखने के लिए नियुक्त उड़न दस्ते ने 1 करोड़ 8 लाख रुपए की नकदी सहित एक बैंक की कार को क्यूआर कोड में गड़बड़ी के बाद जब्त कर लिया था. इस कार्रवाई से गाड़ी में भारी मात्रा में कैश लेकर चलने वालों पर नकेल कसी है और डोंबिवली की बैठक में इस टीम की सराहना की गई है. फ्लाइंग स्क्वॉड में से एक के प्रमुख अजीत घोरपड़े, सचिन वानखेड़े और पुलिस किशोर वंजारी ने कुछ दिन पहले सेंचुरी कंपनी के पास एक सीएमएस बैंक की कार को रोका। गाड़ी में बड़ी मात्रा में नकदी होने पर टीम ने क्यूआर कोड की मांग की। हालांकि, उनसे कोई ठोस जवाब नहीं मिलने पर सहायक चुनाव रिटर्निंग अधिकारी और उपविभागीय अधिकारी विजयानंद शर्मा के आदेश पर कार को जब्त कर उल्हासनगर पुलिस स्टेशन ले जाया गया। आयकर विभाग को बुलाया गया. कार में मौजूद स्टाफ के पास 77 लाख रुपये कैश का क्यूआर कोड था. हालांकि सुबह तक जब गिनती की गई तो कार में 1 करोड़ 8 लाख की नकदी मिली. पूछताछ करने पर क्यूआर कोड के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस कार्रवाई के चलते अगले दिन सीएमएस बैंक की 250 गाड़ियां बिना क्यूआर कोड के नहीं निकल सकीं.

### कर विभाग से क्लीनचिट

आयकर विभाग के अधिकारियों ने सब कुछ सत्यापित कर लिया और एक रिपोर्ट दी है कि जब्त नकदी को जब्त करने की कोई जरूरत नहीं है। हालांकि आयकर विभाग ने क्लीयरेंस सर्टिफिकेट दे दिया.

### टीम लीडरों के प्रशिक्षण का आयोजन

10 तारीख को 24-कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यरत सहायक व्यय निरीक्षकों और टीम लीडरों के लिए डोंबिवली, कडोंमपा के स्विमिंग पूल कार्यालय, सावलाराम महाराज म्हात्रे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। व्यय दल प्रमुख किरण भिलारे ने उल्हासनगर में भरारी टीम के प्रदर्शन की सराहना की. इस अवसर पर सहायक व्यय निरीक्षक शरद देशमुख, उल्हासनगर आचार संहिता दल प्रमुख डॉ. सुभाष जाधव, भरारी टीम प्रमुख अजीत घोरपड़े, सचिन वानखड़े उपस्थित थे.

## कल्याण लोकसभा क्षेत्र में कुल 20 लाख 18 हजार मतदाता

# 26 अप्रैल से भरे जाएंगे नामांकन

- **3 लाख 11 हजार से ज्यादा युवा पहली बार करेंगे मतदान**
- **अंबरनाथ में 3 लाख 46 हजार...**
- **उल्हासनगर में 2 लाख 52 हजार मतदाता**

यूसुफ शेख




**अंबरनाथ.** कल्याण लोकसभा क्षेत्र में कुल 20 लाख 18 हजार 958 मतदाता हैं, जिनमें से 10 लाख 85 हजार 710 पुरुष और 9 लाख 32 हजार 510 महिला मतदाता और 738 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. कल्याण लोकसभा में 3 लाख 11 हजार 694 युवा पहली बार अपने मताधिकारी का प्रयोग करेंगे. 10 लाख 802 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के 18 हजार 179 मतदाता हैं. कल्याण लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा क्षेत्र शामिल है. इस लोकसभा क्षेत्र में 1955 मतदान केंद्र होंगे. करीब 13 हजार सरकारी अधिकारी और कर्मचारी चुनाव कार्य में जुटेंगे. कल्याण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 140 अंबरनाथ, 141 उल्हासनगर, 142 कल्याण पूर्व, 143 डोंबिवली, 144 कल्याण ग्रामीण एवं 149 मुंब्रा कलवा विधानसभा क्षेत्र हैं.

140 अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख 46 हजार 152 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 86 हजार 166 पुरुष तथा 1 लाख 59 हजार 964 महिला मतदाता हैं. 141 उल्हासनगर में कुल 2 लाख 52 हजार 440 मतदाता हैं, जिसमें 1 लाख 37 हजार 316 पुरुष तथा 1 लाख 15 हजार 029 महिला मतदाता हैं. 142 कल्याण पूर्व में कुल 2 लाख 90 हजार, 143 डोंबिवली में 2 लाख 69 हजार 213 मतदाता हैं. 144 कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कुल 4 लाख 36 हजार 169, तो 149 मुंब्रा-कलवा में कुल 4 लाख 24 हजार 728 मतदाता हैं. नामांकन पत्र 26 अप्रैल से दाखिल किए जाएंगे. जमा करने की अंतिम तिथि 3 मई शुक्रवार, नामांकन पत्रों की जांच 4 मई शनिवार, नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 6 मई सोमवार को है. मतदान सोमवार 20 मई को होगा और वोटों की गिनती मंगलवार 4 जून को होगी.

**3 मई** — नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि

**4 मई** — नामांकन पत्रों की होगी जांच

**6 मई** — नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि

**20 मई** — मतदान

**4 जून** — मतगणनी

### कल्याण लोकसभा में 6 विधानसभा क्षेत्र

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 140 अंबरनाथ, 141 उल्हासनगर, 142 कल्याण पूर्व, 143 डोंबिवली, 144 कल्याण ग्रामीण एवं 149 मुंब्रा कलवा विधानसभा क्षेत्र हैं.

# उल्हासनगर में भारी वाहनों पर कब लगेगा ब्रेक

- **तीन साल पुराने आदेश की अवहेलना**






**उल्हासनगर.** तीन साल पहले जब बालासाहेब पाटिल ठाणे यातायात शाखा के पुलिस उपायुक्त थे, तब उन्होंने उल्हासनगर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। हालाँकि, इस आदेश को रद्दी की टोकली में डाल दिया गया. भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष राजेश वधारिया ने उक्त आदेश का पत्र बड़े पैमाने पर वायरल किया है और उम्मीद जताई है कि ट्रैफिक शाखा की पुलिस एक्शन मोड में आयेगी.

उल्हासनगर एक व्यावसायिक शहर है और इसकी सड़कें छोटी हैं. ऊपर से सामान उतारने के लिए दिन भर भारी वाहनों का रेला लगा रहता है. इन वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम होता है और दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, राजेश वधारिया ने तीन साल पहले 'आपलं सरकार' के ई-पोर्टल पर मांग की थी कि ऐसे वाहनों को दुकानों और बाजारों में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

इस मांग पर संज्ञान लेते हुए, ठाणे यातायात शाखा के पुलिस उपायुक्त बालासाहेब पाटिल ने 15 मार्च 2021 को आवेदक राजेश वाधरिया द्वारा दायर शिकायत आवेदन में उल्लेख किया है कि भारी वाहन यातायात में बाधा डाल रहे हैं और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों को उल्हासनगर शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

उल्हासनगर यातायात उपविभाग के पुलिस निरीक्षक को उक्त शिकायत के अनुसरण में भारी वाहनों की आवाजाही के संबंध में जारी अधिसूचना 66/18 के नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। उक्त अधिसूचना का उल्लंघन कर शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाये. यह भी आदेश दिया गया कि ट्रैफिक जाम न हो इसके लिए उचित सावधानी बरती जाए.

हालांकि, तीन साल पहले के इस आदेश का अब तक पालन नहीं होने से इन भारी वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं हो रही हैं. राजेश वधारिया ने आरोप लगाया है कि हाल ही में खेमानी रोड पर भारी वाहनों के कारण एक डॉक्टर और एक युवती की मौत हो गई थी.

# गिफ्ट के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी

- **अंबरनाथ पुलिस में अपराध दर्ज**

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम निवासी एक व्यक्ति के साथ आनलाइन धोखाधड़ी की गई है. धोखाधड़ी करनेवालों ने एक नए तरीके से खामकरवाड़ी खुंटवली निवासी गोरख खेडकर (37) को फेसबुक पर वीडियो पोस्ट करके कहा कि ये आवाज किसकी है पहचानो. आवाज पहचानने के बाद उन्हें पारितोषिक का लालच देकर 88 हजार 668 रुपयों की धोखाधड़ी की गई है. 7 मार्च से 27 मार्च के बीच की ये घटना है. गोरख को तीन मोबाइल फोन नंबरों से मनिष जैन नामक व्यक्ति ने कॉल करके कहा कि भेजे गए फेसबुक वीडियो पोस्ट की आवाज को पहचानों. बाद में उनसे कहा गया कि तुम कॉन्टेस्ट जीत गए हो, तुम्हें गिफ्ट के तौर पर गोल्डन वॉच, बैग, ॲपल कंपनी का इयर बर्ड और आईफोन 14, मैक्स मोबाइल भेजा जा रहा है. गिफ्ट का बिल बनाने के लिए पैसे मांगे गए और ये भी कहा गया कि गिफ्ट के साथ उनके पैसे भेज दिए जाएंगे. ऐसा लालच दिखाकर आनलाइन के माध्यम से 88 हजार 668 रुपए की आर्थिक धोखाधड़ी की गई. पुलिस ने गोरख द्वारा दिए गए फोन नंबरों पर एवं आरोपी मनिष जैन पर आईटी अधिनियम 2000 की धारा 66 (ड) के तहत अंबरनाथ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक बी. आर. दराडे मामले की जांच कर रहे हैं.

# निर्माणाधीन JNPT हाईवे पर क्रेन गिरने से हादसा!

- **कंपनी ने हादसे को छुपाने की कोशिश की**
- **हादसे में कोई जनहानि नहीं**
- **बदलापुर पूर्व की घटना**



**बदलापुर.** बदलापुर पूर्व में खरवई-जुवेली रोड पर वडोदरा हाईवे पर जिस जगह पर सह्याद्री मंगल कार्यालय है, वहां बड़ौदा जेएनपीटी हाईवे का काम इस वक्त जोरों पर चल रहा है, यहां काम के दौरान क्रेन के पलटकर पानी में गिर गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह हादसा रविवार सुबह करीब 10:30 बजे हुआ।

कंपनी का कहना है कि फिलहाल किसी की जान को कोई खतरा नहीं है. खास बात यह है कि ठेकेदार कंपनी द्वारा इस हादसे पर पर्दा डालने का काम कर रही है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह हादसा इसलिए हुआ क्योंकि इस जगह पर बिना किसी सावधानी के और बिना कोई सुरक्षा उपाय किए हाईवे का काम चल रहा है. वडोदरा हाईवे का काम पिछले ढाई साल से जोरों पर चल रहा है. बदलापुर में चल रहे इस काम को एक निजी कंपनी एसएसई को दिया गया है और यहां कई कर्मचारी काम कर रहे हैं. लेकिन अगर आज की लापरवाही से किसी की जान को खतरा हो जाए तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

# स्कूल के स्विमिंग पूल में डूबने से छात्र मौत

**नवी मुंबई.** कॉलेज के स्विमिंग पूल में तैरने के दौरान डूबने से एक छात्र की मौत का मामला सामने आया है. शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे के आसपास यह मामला सामने आने पर छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया. जहां कुछ देर के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया. छात्र की मौत पर कॉलेज प्रशासन पर सवाल उठाया जा रहा है.

वाशी स्थित फादर एग्नल स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र मयूर आदिनाथ उमाले (उम्र 17) शनिवार दोपहर स्कूल के स्विमिंग पूल में तैरने गया था, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं होने से छात्र पानी में डूबने लगा, परंतु उस दौरान सुरक्षा में तैनात कर्मचारी मौजूद नहीं थे या फिर उसे छात्र के डूबने का आभास नहीं हुआ यह तो जांच का विषय है. दोपहर 3 बजे के आसपास अचानक मयूर पर नजर पड़ी तो वह पानी के अंदर डूब रहा था,आनन-फानन में उसे एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया. जहां इलाज के कुछ घंटे बाद डॉक्टरों ने छात्र मयूर उमाले को मृत घोषित कर दिया. इस हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दिया है. बशर्ते नेरुल में रहने वाले छात्र के परिजनों में कॉलेज प्रशासन के प्रति आक्रोश है, सवाल उठाया जा रहा है कि आखिर ट्रेनर उस वक्त कहां था, जब छात्र को तैरना नहीं आता था तो उसे स्विमिंग पूल में जाने क्यों दिया गया? पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है.

# सिंधी समाज से फिर शंकर लालवानी जाएंगे संसद भवन -महेश सुखरामानी



**उल्हासनगर।** इंदौर से फिर एक बार सांसद शंकर लालवानी को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाकर सिंधी समाज का गौरव बढ़ाया है। ऐसे में सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी ने इंदौर में भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी से मुलाकात की और उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर में भोलेनाथ के दर्शन करके कहा कि सिंधी समाज से फिर एक बार शंकर लालवानी सांसद भवन पहुंचेंगे और सिंधी समाज का नेतृत्व करेंगे।

सुखरामानी ने कहा कि केंद्र में इस बार भाजपा की 400 से ज्यादा सीटें आएंगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम हैट्रिक लगाएंगे। इसलिए हम उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में बाबा भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए आए हुए हैं और बाबा भोलेनाथ से विनती करते हैं कि सभी लोग के बीच खुशहाली और सुख शांति बनी रहे।

इंदौर भाजपा के कोषाध्यक्ष व सिंधु सभा के मप्र अध्यक्ष गुलाब ठाकुर और सहयोग फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. राम जव्हरानी ने कहा कि शंकर लालवानी की जीत पक्की है और नरेंद्र मोदी भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाई गई



- **विशाल जुलूस निकाला गया**
- **सभा का आयोजन भी हुआ**

**अंबरनाथ.** भारतीय संविधान के शिल्पकार, महामानव, भारत रत्न, विश्वरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 133वीं जयंती अंबरनाथ शहर में बड़े ही जोश व हर्ष के साथ मनाई गई. 13 अप्रैल की रात में अंबरनाथ नगर परिषद के प्रांगण में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पूर्णाकृति पुतले को सैकड़ों महिला-पुरुषों एवं सभी पक्ष के नेताओं ने पुष्पहार अर्पण करके नमन किया. हर वर्ष 13 अप्रैल की रात में अंबरनाथ, बददलापुर, उल्हासनगर एवं आसपास के गांव से आए हुए बाबासाहेब के सैकड़ों चाहनेवाले अंबरनाथ नपा के पास एकत्रित होकर उन्हें मानवंदना करते हैं. पुलिस का जबरदस्त बंदोबस्त होता है. 14 अप्रैल को पूरे दिन शहर के हर नुक्कड़ पर लगाए गए शामियाने में बाबासाहेब को नमन करके उनके गीतों को पेश किया गया. 13 अप्रैल की रात में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, वरिष्ठ नेता श्याम गायकवाड़, अजय जाधव, राकांपा शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल, धनंजय सुर्वे, पूर्व नगरसेवकों सभी पक्ष के नेताओं ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुतले का पुष्प अर्पण करके मानवंदना की. 14 अप्रैल को अंबरनाथ संयुक्त जयंती महोत्सव द्वारा पूर्व और पश्चिम में आंबेडकरी जनता का विशाल जुलूस निकाला गया. 14 अप्रैल रविवार की रात में अभिवादन सभा का आयोजन नपा के आंबेडकर उद्यान में हुई, जिसमें महात्मा गांधी के पोते तुषार गांधी, तीस्ता सेटलवाड़, ज्येष्ठ नेता श्यामदादा गायकवाड़ ने अपने विचार व्यक्त किए. स्वागत धनंजय सुर्वे ने संचालन राजेश खिलारे ने और आभार दिनेश गायकवाड़ ने किया. महोत्सव मंडल के अध्यक्ष शिवाजी उबाले और पदाधिकारी उपस्थित थे.

# अनधिकृत डिजिटल होर्डिंग्ज से शहर की सुंदरता खतरे में

- **दुर्घटनाओं का डर;**
- **अनधिकृत पैनलों की जांच करने की मांग**



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली शहर में अनाधिकृत डिजिटल होर्डिंग शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे हैं। जिन स्थानों पर डिजिटल होर्डिंग लगे हैं, वे खतरनाक हैं. इससे वाहन चालकों का ध्यान भटकने और दुर्घटनाओं की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है. नतीजतन, अनधिकृत डिजिटल बोर्डों पर लगाम लगाने की मांग हो रही है और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग जोर पकड़ रही है.

डिजिटल होर्डिंग से शहर की खूबसूरती खराब होने लगी है. देखा जा रहा है कि मनपा प्रशासन ने शहर की सुंदरता को खराब करने वाले अनाधिकृत डिजिटल बैनरों से मुंह मोड़ लिया है, बावजूद इसके कि शहर के चौक-चौराहों और सड़कों पर कई डिजिटल बोर्ड लगे हुए हैं. डिजिटल बोर्ड विशेष रूप से त्योहारों, जन्मदिनों आदि जैसे विशेष दिनों पर लगाए जाते हैं।

शहर के ऐतिहासिक स्थल भी डिजिटल बोर्ड से अछूते नहीं हैं। बिड़ला कॉलेज चौक, सदानंद चौक, खड़कपाड़ा चौक, साईं चौक, गांधारी चौक डिजिटल बोर्ड से पट गये हैं. शहर में अब डिजिटल ही नहीं इलेक्ट्रॉनिक्स बोर्ड भी दिखने लगे हैं।

शहर में प्रतिमाओं के चारों ओर लगे ग्रिल पर भी विज्ञापन किये गये हैं. डिजिटल होर्डिंग से भी दुर्घटनाओं का अंदेशा रहता है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि डिजिटल बोर्ड लगाने के स्थान खतरनाक हैं। उनकी जांच करने की आवश्यकता है। महाराष्ट्र सार्वजनिक संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 1995 के अनुसार, मनपा के पास ऐसे बोर्डों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का अधिकार है।

ऐसे बोर्डों पर मनपा की ढुलमुल कार्रवाई के कारण मनपा क्षेत्र में डिजिटल बोर्ड का प्रदर्शन फिर से बढ़ने लगा है, ऐसी स्थिति शहर की सड़कों को देखकर पता चलती है. शहर में अनाधिकृत डिजिटल बोर्ड से मनपा को लाखों की आय का नुकसान हो रहा है और ऐसा लग रहा है कि डिजिटल बोर्ड से शहर की खूबसूरती खराब हो रही है.

### कानून का प्रावधान हो....

तेज हवाओं के दौरान डिजिटल होर्डिंग सड़कों पर गिर सकते हैं और गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। सड़क के नजदीक महत्वपूर्ण स्थानों पर डिजिटल होर्डिंग लगाए जाने से वाहन चालकों का ध्यान भटकने से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। महाराष्ट्र सार्वजनिक संपति विरूपण निवारण अधिनियम, 1995 के अनुसार, मनपा के पास ऐसे होर्डिंग्स के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने का अधिकार है। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए गलत कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए कानून का प्रावधान किया जाना चाहिए।

**एक नागरिक**

### 2 महिलाओं के सोने के गहने चोरी

**कल्याण.** सागर्ली गांव डोंबिवली निवासी पोपट आशाराम शिंदे अपनी पत्नी के साथ आलेफाटा जा रहे थे कल्याण से जब वह बस में बैठे तो उनकी पत्नी ताराबाई के गले का सोने का चैन गायब था वहीं सानपाडा नवी मुंबई की निवासी वंदना राजेन्द्र वेलोटे का भी 1 लाख 60 हजार रुपए का सोने का चैन उसी जगह से चोरों ने चुरा लिया। दोनों के द्वारा महात्मा फुले पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### लापरवाही का नतीजा

हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक तेज रफ्तार स्कूल बस के पलटने की घटना दरअसल घोर लापरवाही का नतीजा है, जिसमें आठ बच्चों की जान चली गई और बीस बच्चे घायल हो गए। कहने को इसे एक हादसे के तौर पर ही देखा जाएगा और उसी मुताबिक कानून अपना काम करेगा, मगर सच यह है कि इसका कारण हर स्तर पर बरती गई बहुस्तरीय और आपराधिक लापरवाही है। खबरों के मुताबिक, ईद की छुट्टी का दिन होने के बावजूद स्कूल को खुला रखा गया था और जैसा कि बच्चों और स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर नशे में बेलगाम रफ्तार से बस चला रहा था।

वाहन के फिटनेस प्रमाण पत्र के भी कई वर्ष पहले खत्म हो जाने का तथ्य सामने आया है। सवाल है कि स्कूल प्रबंधन को बस की स्थिति, ड्राइवर की प्रकृति आदि के बारे में सही जानकारी रखना जरूरी क्यों नहीं लगा? सड़क पर लगाम खोकर कोई वाहन इतनी तेज रफ्तार में चल रहा था तो उसे रोकने-टोकने वाला कोई क्यों नहीं था? शुरुआती जांच के बाद यह जानकारी सामने आई कि बस के दुरुस्त होने या फिटनेस का प्रमाण पत्र करीब छह वर्ष पहले ही समाप्त हो गया था। यानी इतने समय से यह बस इसी हालत में बेरोकटोक बच्चों को लेकर चल रही थी। स्कूल प्रबंधन को इस बारे में क्यों नहीं पता था कि बच्चों को लाने-ले जाने वाली बस लगातार एक जोखिम में ही चल रही थी। कई बार लोग संयोग के पहलू को अहम मानते हैं। इस लिहाज से देखें तो अगर स्कूल प्रबंधन ने आधिकारिक रूप से छुट्टी के दिन स्कूल बंद रखा होता, तो बच्चे कम से कम घटना वाले दिन सुरक्षित रह पाते।

यों भी किसी सार्वजनिक छुट्टी के दिन स्कूल को खुला रखने और बच्चों को बुलाने की तुक या वजह क्या थी? हादसे के बाद अब प्रशासन की ओर से सभी जिम्मेदार पक्षों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है, मगर सवाल है कि बीते कई वर्षों से बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के कोई बस कैसे निर्बाध चल रही थी? सड़क पर वाहनों के बेलगाम रफ्तार में चलने रोकने वाला तंत्र क्या कर रहा था? कायदे से इस हादसे के लिए बस चालक के साथ-साथ स्कूल प्रबंधन और प्रशासन सबकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए।

# चुनावी दौर में जहरीली शराब का धंधा...

लोकसभा चुनावों के मद्देनजर इस समय पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। लेकिन पिछले 20 मार्च को पंजाब के संगरूर जिले में जहरीली शराब से पांच की मृत्यु हो गई और कुछ लोग भर्ती किए गए। मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 तक पहुंच गई। इस घटना का तत्काल ही चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया और पंजाब सरकार के मुख्य सचिव व डीजीपी को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। इस बार लोकसभा चुनावों में आचार संहिता लागू होने के बाद जहरीली शराब पीने से मौत की यह पहली घटना है।

वर्ष 2019 में ओडिशा में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। उस दौरान भी 30 अप्रैल, 2019 में भद्रक जिले में जहरीली शराब पीने से पांच लोग मरे व 28 बीमार हुए थे। उस दिन राज्य में चौथे व अंतिम चरण का मतदान था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राजनीतिक पार्टियों द्वारा बांटे गए पैसे से लोगों ने शराब खरीदी थी और राजनीतिक दलों द्वारा भी शराब बांटी गई थी। सितंबर, 2022 में हरिद्वार के पथरी थाना क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जहरीली शराब पीने से सात लोगों की मौत हुई थी। उत्तर प्रदेश में भी पंचायत चुनावों के दौरान जहरीली शराब कांड हुए थे। अलीगढ़ में जहरीली शराब पीने से मई, 2021 में अस्सी लोग मर गए थे।

लोकसभा, विधानसभा या पंचायतों के चुनावों में भी मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार कच्ची-पक्की, सस्ती-महंगी शराब बांटते रहते हैं। इसलिए चुनाव आयोग नकदी के साथ शराब या नशीले पदार्थों पर भी निगरानी रखता है। अभी देश भर में



शराब पकड़ी जा रही है। राज्यों में इसके लिए विशेष छापामार दस्ते तैनात किए गए हैं। उत्तराखंड में तो ड्रोनों की मदद से शराब बनाने वालों पर नजर रखी जा रही है।

संगरूर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का गृह जिला भी है। वह जब प्रभावित परिवारों से मिलने गए, तो गांव वालों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा खुलेआम चल रहा है। इस कांड की जांच के लिए विशेष उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन हो चुका है। दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

संगरूर कांड में नकली शराब में मिथेनॉल पाया गया। शराब बनाने के लिए ये रसायन मिथाइल अल्कोहल नोएडा से तथा बोतलें व ढक्कन बनाने का सामान लुधियाना से खरीदा गया था। बताया जा रहा है कि शराब बनाने की जानकारी यूट्यूब से जुटाई गई थी और कुछ जरूरी सामान ऑनलाइन भी खरीदा गया था। पंजाब पुलिस और आबकारी विभाग को छापों में जगह-जगह हजारों लीटर शराब, सैकड़ों खाली व भरी अवैध शराब की बोतलें, पेटियां एवं भट्ठियां मिल रही हैं। किंतु मौके पर शराब बनाते अपराधी कम ही पकड़े जा रहे हैं।

हालांकि सांविधानिक प्रतिबद्धता देश में मद्यपान को कम करने की है, किंतु राज्य ज्यादा से ज्यादा शराब की दुकानों की संख्या बढ़ाने में लगे हैं। उनका तर्क होता है कि इससे अवैध व नकली शराब के जोखिम कम होंगे। अनुमानतः औसतन राज्यों को करीब ढाई लाख करोड़ का राजस्व शराब की बिक्री से मिलता है। इसलिए कोरोना महामारी के दौरान बंद शराब की दुकानों को खुलवाने के लिए राज्य बेताब थे। शराब बनाने, वितरण, प्रबंधन आदि राज्यों का

देखने में आता है कि विभिन्न जहरीली शराब कांडों में जो अपराधी पकड़े जाते हैं, वे पहले भी ऐसे ही कारोबारों में कई बार सजा व जमानत पाए हुए होते हैं। बाहर निकलते ही वे फिर से पुराने धंधे में लग जाते हैं। संगरूर घटना के ज्यादातर आरोपी पहले ही हिस्ट्रीशीटर थे। संगरूर हादसा होली से ठीक पहले हुआ था, जब शराब की मांग बढ़ जाती है। शराब की मांग बढ़ जाने पर शराब तस्करों के साथ-साथ अन्य अपराधी भी नकली शराब के धंधे में सक्रिय हो जाते हैं।

जब भी ऐसी कोई घटना होती है, तो दोषियों को मौत की सजा देने की भी मांग उठने लगती है, फिर धीरे-धीरे सब कुछ ठंडा पड़ जाता है। ऐसी घटनाओं पर खूब जमकर राजनीति होती है और भारी मुआवजे की मांग होती है। कई बार ऐसी घटनाओं में पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत की भी बात सामने आई है। जब तक अवैध शराब बनाने वालों और उन्हें सहयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, ऐसे दर्दनाक हादसे होते रहेंगे।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जब हम ध्यानाभ्यास करते हैं, तो हम अपने आसपास के लोगों को शांति व ख़ुशी प्रदान करने का जरिया बन जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# दोहरे मानदंड के आरोपों में घिरी AAP

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि एक समय भ्रष्टाचार के खिलाफ हुए आंदोलन की बुनियाद पर खड़ी किसी पार्टी अब खुद इस मुद्दे पर दोहरा मानदंड रखने का आरोपों में घिर रही है और उसके उसके साथी साथ छोड़ रहे हैं। देश में पिछले कुछ समय से पार्टी बदलने या छोड़ने का जो चलन देखा जा रहा है, आम आदमी पार्टी यानी आप के राजकुमार आनंद के इस्तीफे को भी इसी के हिस्से के तौर पर देखा जा सकता है। मगर अपने इस्तीफे के क्रम में उन्होंने जिन सवालों पर पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल को कठघरे में खड़ा किया है, उसकी अनदेखी करना मुश्किल है।

उनका आरोप है कि आप में दलितों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है और तेरह राज्यसभा सांसदों में से एक भी दलित नेता को जगह नहीं देना एक तरह से पार्टी में इस तबके का अपमान है। इसके अलावा, जो पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन की वजह से पैदा हुई थी, वह आज भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है और उसके पास कोई नैतिक बल नहीं रह गया है।

जाहिर है, कई आरोपों से घिरे नेताओं और यहां तक कि खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने की वजह से जिस समय आप के सामने चुनौतियां गहरा रही हैं, उसमें इकलौते दलित नेता के साथ छोड़ने का नकारात्मक संदेश गया है और इससे पार्टी की मुश्किलें बढ़ी हैं। संभव है कि आप की ओर से इसे केंद्रीय एजंसियों के बेजा इस्तेमाल का नतीजा बताया जाए, मगर राजकुमार आनंद ने पार्टी छोड़ने की वजह के तौर पर जो मुद्दे उठाए हैं, उसके अपने आधार हैं।

शराब घोटाले में पार्टी के शीर्ष नेताओं की गिरफ्तारी के मसले पर पार्टी




अब तक आम जनता को अपने पक्ष या दलीलों से संतुष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि अपने नेताओं पर लगे आरोपों के बाद पार्टी का जो रुख रहा, उससे यह सवाल उठा कि भ्रष्टाचार में घिरने के बाद लड़ने के लिए क्या पार्टी का इस्तेमाल किया जाना उचित है!

खासतौर पर तब जब पार्टी के लिए यही मुद्दा देश की राजनीति में अपनी जगह बनाने का सबसे मुख्य आधार रहा! इस लिहाज से देखें तो पिछले कुछ समय से भ्रष्टाचार को लेकर राजनीतिक स्तर पर आप और उसके नेताओं का जो रुख सामने आया है, वह कथनी और करनी के फर्क को ही दर्शाता है। सही है कि राजकुमार आनंद ने इस्तीफा देने के लिए जो समय चुना, उस पर सवाल उठ रहे हैं और उन पर प्रवर्तन निदेशालय या ईडी के छापे से जुड़े संदर्भ भी सामने आ रहे हैं। मगर भ्रष्टाचार के अलावा उन्होंने दलितों के प्रति आम आदमी पार्टी के रुख पर जो सवाल उठाए हैं, उसकी अनदेखी मुश्किल है।

इससे पहले पार्टी से जुड़े दलित पृष्ठभूमि के ही एक अन्य नेता राजेंद्रपाल गौतम को इसलिए अपने पद से हटना पड़ा था कि वे एक बौद्ध धम्म दीक्षा समारोह में शामिल हुए थे। शायद यही वजह है कि अपने इस्तीफे में राजकुमार आनंद ने पार्टी के दलित विरोधी होने का जो आरोप लगाया है, उसे अब एक मुद्दे के तौर पर देखा जा रहा है।

आम आदमी पार्टी के प्रभाव वाले मुख्य राज्यों यानी पंजाब और दिल्ली के चुनावों में दलित समुदाय का समर्थन कुछ जगहों पर जीत-हार का फैसला तय करने में बड़ी भूमिका निभाता है। इसलिए इस मुद्दे की अहमियत समझी जा सकती है। ऐसे में भ्रष्टाचार पर दोहरा रवैया अपनाने के साथ-साथ पार्टी पर दलितों की उपेक्षा करने का आरोप अगर राजनीतिक मुद्दा बनता है, तो इसका असर आप के भविष्य की दिशा भी तय करने में अहम साबित हो सकता है।

# चीन में हुई खुदाई में मिले हैवानियत के सबूत

**जरा हट के**

पुरातत्वविदों ने नवपाषाण एशियाई इतिहास में सबसे खूंखार खूनी कत्ल और सिर के शिकार की होड़ के साक्ष्य मिले हैं. चीन से हुई पुरातत्व खुदाई के दौरान सामने आने के बाद यह चौंकाने वाला खुलासा किया है, जो कि 4,100 साल पुराना है. इस 41 कंकालों की खोज ने पुरातात्विक समुदाय को सदमे में डाल दिया है और जो बात इस भयानक खोज को और भी अधिक परेशान करने वाली बनाती है वह यह है कि सभी अवशेष महिलाओं और बच्चों के हैं. जिस घर में नरसंहार हुआ था उसके ठीक बाहर एक गड्ढे से पुरुषों की चार खोपड़ियां बरामद की गईं, साथ ही मिट्टी के बर्तन और हड्डी-चट्टान के उपकरण जैसी सांस्कृतिक कलाकृतियां भी मिलीं. आर्कियोलॉजिकल एंड एंथ्रोपोलॉजिकल साइंसेज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन, इस जगह पर हुई भीषण घटनाओं पर प्रकाश डालता है. उन्नत इमेजिंग और दृश्य निरीक्षण तकनीकों का



उपयोग करते हुए, शोधकर्ताओं ने सिर काटने के संकेतों के लिए अवशेषों की सावधानीपूर्वक जांच की. उनके निष्कर्ष रोंगटे खड़े कर देने वाले से कम नहीं थे. 41 में से बत्तीस सिर काटने की घटनाएं एक ही भयावह घटना में घटित हुईं, जो अद्वितीय क्रूरता के नरसंहार का संकेत देती हैं. पांच व्यक्तियों के गले की रीढ़ पर कटे के निशानों से सिर काटने के विनाशकारी सबूत मिले, जिससे पता चलता है कि उनके सिर को उनकी गर्दन के सामने से बेरहमी से अलग कर दिया गया था. इसके अलावा, एन्सिएंट ओरिजिन्स की रिपोर्ट के अनुसार, गले की रीढ़ पर कटे हुए निशानों की उपस्थिति पत्थर के ब्लेड के साथ हड्डी से बने उपकरणों का उपयोग करके सिर काटने की एक व्यवस्थित और जानबूझकर की गई प्रथा का सुझाव देती है. टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ डेंटिस्ट्री के अध्ययन के वरिष्ठ लेखक प्रोफेसर कियान वांग ने इन निष्कर्षों के महत्व को समझाया और लाइव साइंस को बताया, "दुश्मन जनजातियों के प्रमुखों की तलाश एक विशिष्ट अनुष्ठान के लिए की जाती थी, जिसका अर्थ था दुश्मनों को जीतना और या उनकी आत्मा और ऊर्जा को अपने पास रखना." "चीन में नवपाषाण युग के दौरान बलि अनुष्ठानों के लिए कुछ सिरों को छोड़कर ऐसी कोई भी बिना सिर वाली कब्रगाह नहीं मिली."

# टमाटर के स्वादिष्ट पुलाव




**सामग्री :**

- पके हुए चावल- 2 कप
- टमाटर- 3-4
- अदरक का पेस्ट-1 टी स्पून
- मटर-1/2 कप
- हरी मिर्च-2-3
- कढ़ी पत्ते-8-10
- हरा धनिया-3 टेबलस्पून
- जीरा-1/2 टी स्पून
- लौंग- 4-5
- काली मिर्च-1/2 टी स्पून
- गरम मसाला-1/2 टी स्पून
- दालचीनी- एक छोटा टुकड़ा
- इलायची- 2 बड़ी
- देसी घी-3 टेबलस्पून
- नमक- स्वादानुसार

**विधि :**

टमाटर के पुलाव बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में चावल डालकर पकाएं। अब टमाटर, हरी मिर्च और हरी धनिया पत्ती को धोकर बारीक टुकड़ों में काट लें। इसके बाद मिक्सर की मदद से टमाटर और हरी मिर्च को पीसकर पेस्ट बना लें।

अब इसमें सारे साबुत मसाले, लौंग, काली मिर्च और दालचीनी को भी दरदरा पीस लें।

इसके बाद एक कढ़ाई में घी



डालकर मीडियम आंच पर गर्म कर लें। अब इसमें मटर के दानें डालें और ढककर करीब 1 मिनट तक नरम होने तक पकाएं।

इसके बाद आप एक कढ़ाई में जीरा डालकर चटकाएं।

अब इसमें दरदरे पिसे हुए मसाले डालें और चलाते हुए भून लें।

इसके बाद इसमें टमाटर-हरी मिर्च का पेस्ट डालें और थोड़ी देर पकाएं। अब इसमें अदरक का पेस्ट और कढ़ी पत्ते डालकर मसाले के घी अलग होने तक भून लें। इसके बाद इसमें पके हुए मटर के दाने और हरा धनिया डालकर मिलाएं। अब इसमें पके हुए चावल डालें और अच्छी तरह से मिला लें। इसके बाद इसे करीब 1-2 मिनट तक पकाएं और गैस बंद कर दें। लीजिए, तैयार हैं टमाटर के स्वादिष्ट पुलाव, इन्हें चटनी, दही या अचार के साथ गर्मागर्म सर्व करें।

# छिला हुआ या छिलकेदार खीरा, सेहत के लिए अधिक फायदेमंद कौन?

गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है. ऐसे में सेहतमंद रहने के लिए लोग तमाम हेल्दी चीजों को डाइट में शामिल करते हैं. खीरा इनमें से एक है. जी हां, खीरे में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हमें सेहतमंद रखते हैं. खीरे को ज्यादातर लोग सलाद के रूप में खाते हैं. लेकिन, खीरा खाने को लेकर अक्सर लोगों के मन में एक सवाल होता है कि खीरा को छीलकर खाना चाहिए या छिलकेदार?

हालांकि, कुछ लोग इसे छीलकर खाना पसंद करते हैं तो कुछ बिना छीले ही खाते हैं.



लेकिन, सवाल यही है कि छिला हुआ या छिलकेदार खीरा, सेहत के लिए अधिक फायदेमंद कौन? आइए जानते हैं इसके बारे में-

वेबएमडी की रिपोर्ट के मुताबिक, जब खीरे को बिना छिले खाया जाता है तो इसमें मौजूद विटामिन K, विटामिन C सहित कई मिनरल्स और विटामिन्स हमारे शरीर को मिलते हैं. लेकिन, जब हम खीरे को छील देते हैं, तो हम इसका पूरा लाभ नहीं उठा पाते. हालांकि, बिना छीले उसी खीरे को खाना चाहिए जो ऑर्गेनिक और साफ-सुथरा हो.

## ■ खीरा खाने का सही तरीकाः

खीरा को स्टोर करने के दौरान इन पर अप्राकृतिक सिंथेटिक वैक्स लगाया जाता है, इसलिए जरूरी है कि खीरे को खाने से पहले अगर इसे अच्छी तरह से धो लें, नहीं तो ये सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. आप अगर गर्म पानी से खीरे को धोकर खाएं, तो भी नुकसान से बचा सकता है.

## ■ वजन घटाने में मददगार

जब आप खीरा छिलके सहित खाते हैं तो ये वेट लॉस में तेजी से मदद कर सकता है. क्योंकि ये बॉडी के लिए दो तरीके से काम करता है. पहले तो खीरे का छिलका शरीर को डिटॉक्स करता है और एक रफेज की तरह काम करता है. इससे तेजी से वेट लॉस में मदद मिलती है.

## ■ कब्ज से राहत दिलाए

अगर आप छिलके सहित खीरा खाते हैं तो आपको कब्ज की समस्या परेशान नहीं करेगी. सबसे पहले तो इसका रफेज और फाइबर मल में थोक जोड़ने का काम करेगा. दूसरा ये हाइड्रेशन बनाए रखता है जिससे मेटाबोलिक रेट सही होता है और कब्ज की समस्या नहीं होती है.

## ■ डिटॉक्सीफाई करे

अगर आप छिलके सहित खीरा खाते हैं तो इसके छिलका शरीर के लिए अलग से वेस्ट तैयार करता है. इससे शरीर को डिटॉक्सीफाई होने में मदद मिलती है. ये वेस्ट को अपने साथ बांध लेता है और खून को साफ करने में मदद करता है.

# आज का राशिफल

**मेष :** प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। बाहर सहायता से काम होंगे। प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा। थकान रहेगी। शत्रु भय रहेगा।

**वृषभ :** संतान पक्ष की चिंता रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है।

**मिथुन :** सुख के साधन जुटेंगे। भूमि व भवन की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क :** विवाद व जल्दबाजी से बचें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा।

**सिंह :** यात्रा में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। दुःखद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** प्रेम में सफलता मिलेगी। प्रयास सफल रहेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें।

**तुला :** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम उठाएं। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे।

**वृश्चिक :** अतिथियों का आवागमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। यात्रा होगी।

**धनु :** कुसंगति से बचें। फालतू खर्च होंगे। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

**मकर :** लेनदारी वसूल होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे।

**कुंभ :** तीर्थयात्रा हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। प्रेम-प्रसंग में सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा।

**मीन :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। रोमांस में सफलता मिलेगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# रखे-रखे कहीं आलू सड़ न जाए

**7 टिप्स आएंगे काम**

## ■ लंबे समय तक भी करेंगे स्टोर तो नहीं होगा खराब

हर घर में आलू की खपत रोज होती है. कोई भी सब्जी बनानी हो तो आलू डालते ही हैं. हरी सब्जी घर में ना भी हो तो आलू की ग्रेवी वाली सब्जी, आलू का भुजिया, आलू का भरता कुछ भी झटपट बना लेना आसान होता है. कई बार लोग 3-4 किलो आलू एक साथ ही खरीद लेते हैं. गर्मी के मौसम में इनका इस्तेमाल अगर जल्दी ना हो तो ये सड़ने लगते हैं. कई बार कहीं अचानक बाहर जाना पड़ जाए तो भी आलू पड़े-पड़े अंदर से सड़ने लगते हैं और बहुत गंदी बदबू आने लगती है. ऐसे में आप कुछ टिप्स को आजमाकर आलू को स्टोर करने का सही तरीका जान लेंगे तो आलू को फेंकने की जरूरत नहीं पड़ेगी.



## ■ घर पर आलू को स्टोर करने का सही तरीका

1. अधिकतर लोग आलू और प्याज को एक ही टोकरी में रख देते हैं. ऐसा आप न करें. प्याज के साथ रखने से आलू कम समय में ही अंकुरित होने लगता है. स्वाद भी बदल जाता है. दोनों को अलग-अलग ही रखें.
2. आलू को डायरेक्ट धूप वाली जगह में ना रखें. इससे ये जल्दी सूख सकते हैं और आलू के अंदर की नमी खत्म हो जाती है. बेहतर है कि आप किसी ऐसी जगह आलू को स्टोर करें जहां थोड़ा अंधेरा हो. इसे बांस की टोकरी या पेपर बैग में रखें. प्लास्टिक की थैली में बांधकर रखेंगे तो ये जल्दी सड़ने लगते हैं. ऐसे में एक भी सड़ा हुआ आलू बाकी आलुओं को भी खराब कर देगा.
3. अगर बारिश के कारण मार्केट में आलू भीग गए हों तो इसे बिना सुखाए न रखें वरना ये जल्दी सड़ सकते हैं. अच्छी तरह से थोड़ी देर पंखे के नीचे या हल्की धूप में 30 मिनट के लिए रख दें.
4. आलू को गर्म तापमान में रखने से बचें. ऐसी जगह रखें जहां रोशनी कम आए और वातावरण ठंडा हो. इससे ये कई दिनों तक फ्रेश रहेंगे.
5. आलू का कुछ फल जैसे नाशपाती और केले के साथ भी न रखें. ये फल कुछ ऐसे रसायन छोड़ते हैं, जिससे आलू जल्दी पक सकता है. अंकुरित हो सकता है.
6. भूलकर भी आलू फ्रिज में ना रखें. इसमें मौजूद स्टार्च शुगर में बदल सकता है. इस तरह के आलू का सेवन करना अनहेल्दी हो सकता है.
7. आपने सब्जी बनाने के लिए अधिक आलू काट लिया है तो उस कटे हुए आलू को रखें नहीं. ये काले पड़ जाते हैं. सुबह अधिक काट लिया है तो इसे पानी में डालकर रख दें और दिन या शाम में बना लें.

# खरबूजे के बीज

## ■ जानिए साफ करने और छीलने के लिए अपनाएं सिंपल तरीका

खरबूजे को कांटने के बाद अक्सर उसके बीजों को फेंक दिया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि एक खरबूजे में खूब सारे बीज होते हैं, जो कई तरह से आपके काम आ सकते हैं। ये बीज सेहत के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। खरबूजे के बीज में विटामिन सी होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। वहीं अगर किसी को पाचन या एसिड रिफ्लक्स की समस्या है तो वह भी खरबूजे के कुछ बीज खा सकते हैं। कब्ज से पीड़ित लोगों के लिए भी ये बहुत अच्छा है। इतना ही नहीं खाने में शाही ग्रेवी बनाने के लिए भी इन बीजों को इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे में ज्यादातर लोग इन बीजों को बाजार से खूब महंगे दामों पर खरीदते हैं। लेकिन आप चाहें तो घर आए खरबूजे के फल से इन बीजों को निकालकर साफ कर सकते हैं और छील कर स्टोर कर सकते हैं। जानिए कैसे साफ होते हैं खरबूजे के बीज-

## ■ कैसे साफ करें खरबूजे के बीज

खरबूजे के बीज को साफ करने से पहले अपने हाथों को अच्छे से धो लें क्योंकि इन बीजों को साफ करने में आपको अपने हाथों का यूज करना होगा। अब खरबूजे को काट लें और फिर चम्मच की



मदद से बीजों को निकाल लें। अब इन बीजों को एक पनी भरे बर्तन में निकाल लें। फिर अपने हाथों से इसे मसल लें ताकी चिपका हुआ पल्प अलग हो जाए। हालांकि, ऐसा एक बार में नहीं होगा। फिर बीजों को छन्नी में छान कर एक तरफ रख दें। अब इन्हें सूखने दें। जब ये हल्के सूख जाएं तो इन्हें एक बर्तन में निकाल लें और फिर इसे धूप में रखकर अच्छी तरह से सुखा लें। जब ये पूरी तरह सूख जाए तो सूखे पल्प को हटा दें और बीजों को एक तरफ रख दें।

## ■ कैसे छीलें खरबूजे के बीज

अगर एक-एक कर के बीजों को छीला जाएगा तो काफी समय लग जाएगा। लेकिन इस ट्रिक को अपनाकर आप इस काम को फटाफट निपटा सकते हैं। इसके लिए बीजों को ब्लेंडर में डालें और फिर सबसे कम स्पीड में इसे एक बार चला दें। सिर्फ एक बार ऐसा करें। फिर बीजों को मिक्सी जार से बाहर निकालकर एक प्लेट में रखें और हाथों से बीजों को छुड़ा लें। इसे कांच या स्टील के कंटेनर में स्टोर करें। हालांकि, बीच-बीच में धूप में सुखाते रहें या फिर फ्रिज में भी रख सकते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# भाजपा के घोषणा पत्र में UCC का वादा

## ▪ 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज ▪ गरीबों के लिए 3 करोड़ घर

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे 'भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी' नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे।

संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया।

पार्टी अध्यक्ष नड्डा, संकल्प पत्र कमेटी के अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने अपनी बातें रखीं। इसके बाद प्रधानमंत्री मंच पर आए। 46 मिनट की स्पीच में पिछले 10 साल के कामकाज का लेखा-जोखा देते हुए कहा- हमने धारा 370, महिला आरक्षण जैसे वादे पूरे किए।

इसके बाद मोदी ने 2024 की गारंटी यानी वादे गिनाए। इसमें 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी दी।

मोदी ने कहा- 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है।

### संकल्प पत्र की 10 बड़ी बातें

**1- अगले 5 साल के लिए मुफ्त राशनः** 2020 से 80+ करोड़ परिवारों को सरकार मुफ्त राशन दे रही है. पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके




मन को संतोष देने वाली हो और अफोर्डेबल हो, सस्ती हो.

**2- ज़ीरो बिजली का बिल-** हम पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे, जिससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाए.

**3- तीन करोड़ लखपति दीदीयां-** हमने एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया है. अब हम तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे.

**4- कामकाज़ी महिलाओं के लिए सुविधाएं-** हम औद्योगिक और व्यवसायिक क्षेत्र में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण करेंगे जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी. PM मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं, आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे.

**5- 70 साल से ऊपर के वर्ग के लोगों को आयुष्मान योजना-** भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा. 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी.

**6- बुलेट ट्रेन का विस्तार-** हम पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं. हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करेंगे.

**7- 3 करोड़ घर बनाने का संकल्प-** भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं. अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे. अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे.'

**8- वन नेशन, वन इलेक्शन का कार्यान्वयन-** हमने वन इलेक्शन संबंधित मुद्दो की परीक्षण के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया है. अब, हम उनकी सिफारिशों के सफल कार्यान्वयन की दिशा में काम करेंगे.

**9-मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे-** हम नए एम्स और विभिन्न नए जिला-स्तरीय में मेडकल कॉलेज के माध्यम से यूजी (UG) एवं पीजी (PG) मेडिकल शिक्षा में सीट बढ़ाएंगे.

**10- समान नागरिक संहिता लागू करेंगे-** भारत के संविधान के अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है. भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता है.

इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश को भाजपा के संकल्प पत्र का बहुत इंतजार रहता है और इसके पीछे की वजह है कि 10 वर्षों में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है.

# भाजपा के मैनिफेस्टो से महंगाई-बेरोजगारी गायब -राहुल

▪ **खड़गे ने कहा- मोदी ने 10 साल में कोई काम नहीं किया**

**नई दिल्ली.** भाजपा का मैनिफेस्टो जारी होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इनके संकल्प पत्र में दो शब्द गायब हैं - महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाले हैं। वे कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार



क्रांति लाएंगे।

उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- अपने कार्यकाल में PM मोदी ने कोई काम नहीं किया। युवा नौकरी के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, महंगाई के कारण खाने-पीने के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में सिर्फ बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाई है।

▪ **पवन खेड़ा बोले- यह मैनिफेस्टो नहीं माफीनामा है**

भाजपा के मैनिफेस्टो को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने माफीनामा बताया है। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- यमराज ने एक मशीन बनाई थी, जिसमें झूठ बोलने पर घंटी बजने लगती थी। आज सुबह से वह घंटी लगातार बज रही है। हैरानी में यमराज ने चित्रगुप्त से पूछा- ये घंटी क्यों बज रही है? चित्रगुप्त ने कहा- महाराज, आज मोदी जी का संकल्प पत्र जारी हुआ है।

उन्होंने कहा- भाजपा ने 2014 में वादा किया था कि ये लोग काला धन वापस लाएंगे, लेकिन ये लोग इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ले आए, जिसमें भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा ने कहा था कि नार्थ ईस्ट में कानून व्यवस्था मजबूत करेंगे, लेकिन आज मणिपुर में हिंसा जारी है। इस पर PM मोदी चुप्पी साधे हुए हैं।

## खबरें गांव की...

### बिजली विभाग के कर्मियों की शर्मनाक हरकत, नहा रही महिला का बना लिया वीडियो

**बदायूं.** यूपी के बदायूं से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां बिजली निगम की टीम के साथ चेकिंग करने गए टीजीटू और एक उपभोक्ता के साथ विवाद हो गया। उपभोक्ता महिला के आरोप है कि चेकिंग के दौरान वह नहा रही थी लेकिन टीम ने उसके घर में घुस आई और वीडियो बनाने लगे। उधर, टीजीटू का आरोप है कि महिला और उसके परिवार के लोगों ने घर में बंदकर उनके साथ बदसलूकी और मारपीट की। दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे खिलाफ आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। इधर, कार्रवाई की मांग को लेकर बिजली निगम की टीम की ओर से इलाके की दो घंटे की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। उपभोक्ताओं की शिकायत होने पर बिजली आपूर्ति शुरू की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नशीला कोल्डड्रिंक पिलाकर छात्रा के साथ किया रेप, अश्लील वीडियो भी बनाया

**उरई.** यूपी के जालौन में मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक टीचर ने नशीला कोल्डड्रिंक पिलाकर ट्यूशन पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से रेप किया। इसके बाद अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एफआईआर दर्ज करके बाद उसे जेल भेज दिया। नाबालिग के पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया दीपेश प्राइवेट टीचर है जो बेटी को घर पर कोचिंग पढ़ाने आता था। एक अप्रैल को वह घर पर अकेली थी तभी दीपेश कोल्डड्रिंक लेकर आया और छात्रा को पिला दी। थोड़ी ही देर में वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। फिर बेहोशी की हालत में उसे छोड़कर भाग निकला। जब पिता आए तो बेटी ने पूरी घटना बयां की।

### ट्रकों को लूटने वाले फर्जी पत्रकारों के गिरोह का भड़ाफोड़, 9 गिरफ्तार

**वाराणसी.** यूपी के वाराणसी में फर्जी पत्रकारों के गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। लंका पुलिस ने 'आगाज इंडिया' नाम से यूट्यूब चैनल बनाकर अवैध वसूली में लिप्त गिरोह के नौ लोगों को दबोचा है। शुक्रवार रात मलहिया के पास हाइवे से पुलिस ने आरोपियों को तब गिरफ्तार किया, जब वे ट्रकों को रोककर अवैध वसूली कर रहे थे। सभी पर रंगदारी, धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन शातिरों में एक पर मंडुवाडीह थाने में पहले से लूट का मुकदमा दर्ज है। शनिवार को यह जानकारी डीसीपी काशी जोन प्रमोद कुमार, डीसीपी क्राइम चंद्रकांत मीणा और एडीसीपी सरवणन टी. ने दी। डीसीपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में खुद को मुख्य संपादक बताने वाला ककरमत्ता की न्यू कॉलोनी का मृदुल कुमार तिवारी उर्फ आकाश, लहरतारा नई बस्ती का लाल बाबू सोनकर, आकाश गौतम, गौरव भारती, प्रकाश शर्मा, दिलीप कुमार, सावन कुमार नायक, अनिल कश्यप, सिगरा चंदुआ छित्तूपुर का जितेन्द्र सोनकर है। इनमें गौरव भारती पर साल 2017 में लूट का केस भी दर्ज है।

डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी दिन में चाय बेचने, ऑटो चलवाने समेत दूसरे छोटे-मोटे काम करते थे जबकि रात में खुद को पत्रकार बताकर हाइवे पर ट्रकों और तस्करों से वसूली करने का काम करते थे। वह रात में लग्जरी वाहन से आईडी, कैमरा और वॉकी-टॉकी लेकर निकलते थे।

# हरियाणा में यूट्यूबर कपल ने खुदकुशी की

▪ **लिव-इन में रहते थे;**
▪ **पुलिस बोली- सुबह झगड़ा हुआ**
▪ **बिल्डिंग की 7वीं मंजिल से कूदे**

**बहादुरगढ़.** हरियाणा के बहादुरगढ़ में शनिवार सुबह एक सोसाइटी की 7वीं मंजिल से गिरकर युवक-युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों यूट्यूबर थे और लिव-इन में रहते थे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि खुदकुशी करने से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में हुई है। कुछ समय पहले दोनों देहरादून से अपनी टीम के साथ बहादुरगढ़ आए थे। दोनों वीडियो बनाकर फेसबुक और यूट्यूब पर पोस्ट करते थे। फिलहाल वह बहादुरगढ़ शहर की रुहिल रेजीडेंसी सोसाइटी के 701 नंबर फ्लैट में रह रहे थे। गर्वित शनिवार सुबह ही यहां आया था।

### नंदिनी से मिलने आया था गर्वित

शुरुआती जांच में सामने है कि शनिवार सुबह गर्वित सोसाइटी में आया था। यहां उसने नंदिनी के साथ बातचीत की। सुबह करीब 6 बजे दोनों के शव जमीन पर गिरे हुए मिले। पास में खून बिखरा हुआ



था। सोसाइटी में रहने वाले लोगों की उन पर नजर पड़ी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई।

इसके बाद गर्वित और नंदिनी के साथी भी वहां आ गए। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद सेक्टर-6 थाना पुलिस पहले मौके पर पहुंची और फिर अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। एफएसएल टीम को सूचित किया।

मामले के जांच अधिकारी जगबीर ने बताया कि शुरुआती तौर पर अभी ये ही पता चल पाया है कि दोनों के बीच सुबह झगड़ा हुआ था। दोनों काफी समय से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे थे। इसकी जानकारी उनके परिजनों को भी थी। हालांकि दोनों के बीच झगड़ा किस बात को लेकर हुआ ये अभी जांच का विषय है। परिजनों के बहादुरगढ़ पहुंचने के बाद ही पूरी तरह साफ हो पाएगा कि आखिर दोनों ने सुसाइड क्यों और किस कारण से किया।

# दिल्ली में बिजली-पानी पर सब्सिडी जारी रहेगी

**नई दिल्ली.** दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में बिजली, पानी और बस किराया सब्सिडी जारी रहेगी क्योंकि ये योजनाएं किसी पार्टी की नहीं हैं। एक प्रेस बयान में एलजी ने कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि केंद्र सरकार और उपराज्यपाल सब्सिडी योजनाएं बंद कर देंगे। क्योंकि दिल्ली CM जेल में बंद हैं।

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि, जो लोग कहते थे कि वे केजरीवाल सरकार को जेल से नहीं चलने देंगे, उन्होंने 'हार मान ली है' कि वह जेल से ही चलेगी और उनका काम जारी रहेगा। ये अरविंद केजरीवाल की ताकत है।

एलजी वीके सक्सेना को यह बयान इसलिए जारी करना पड़ा क्योंकि कुछ आप नेता जनता के बीच गलत अफवाह फैला रहे थे कि, दिल्ली में मुफ्त योजनाएं बंद हो जाएंगी।



इस पर उप राज्यपाल ऑफिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया- इन योजनाओं के लिए जारी पैसा राज्य सरकार के सरकारी खजाने से किया जाता है, न कि किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के खाते से।

सक्सेना ने आगे लिखा कि दिल्ली विधानसभा में पेश और पारित होने से पहले विशेष रूप से भारत सरकार और स्वयं उपराज्यपाल द्वारा अप्रूव्ड कोई भी योजना प्रभावित नहीं होती है।

## प्रियंका गांधी बोलीं- प्रधानमंत्री बहकी-बहकी बातें करते हैं

**जालोर.** राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सियासी हमला किया। उन्होंने कहा कि मोदीजी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी झूठी वीरता दिखाते हैं, कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। वे असल में देश की जनता से कट चुके हैं। महंगाई और आम आदमी की समस्या पर बात नहीं कर रहे हैं।

जालोर-सिरोही से कांग्रेस ने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को उम्मीदवार बनाया है। वैभव के समर्थन में हो रही सभा में सचिन पायलट सहित कांग्रेस के बड़े नेता पहुंचे हैं।

# छत्तीसगढ़ में शाह बोले-3 साल में खत्म कर देंगे नक्सलवाद

▪ **कहा-भूपेश कका इतना भ्रष्टाचार करके पेट नहीं भरा अभी, अब सांसद बनना चाहते हैं**




**राजनांदगांव.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ का व्यापार करती है। उन्होंने पूर्व CM और राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा। शाह ने कहा कि, भूपेश कका इतना सारा भ्रष्टाचार करके पेट नहीं भरा है अभी भी यहां से सांसद बनना चाहते हैं।

शाह ने कहा कि, मैं आज राजनांदगांव की जनता को कहने आया हूं कि आप लोगों ने भूपेश बघेल को विधानसभा में हराया है, इससे भी बड़े मार्जिन के साथ इनको फिर से घर पर भेजने का काम करिए। केंद्रीय गृहमंत्री रविवार को खैरागढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करते करने पहुंचे अमित शाह ने कहा कि, आप तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाइए, छत्तीसगढ़ में 3 साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की हाई प्रोफाइल सीट मानी जा रही है। यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

# दीपेंद्र सिंह टी20 में 6 गेंद में 6 सिक्स जड़े

▪ **नेपाली बैटर ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज**
▪ **कतर के खिलाफ बनाए नाबाद 64 रन**

नेपाल के बैटर दीपेंद्र सिंह एरी ने कतर के खिलाफ एसीसी प्रीमियर कप के 7वें मैच में 6 गेंद में 6 सिक्स लगाया। वह इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए।

उनसे पहले साल 2007 में युवराज सिंह ने टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में यह कारनामा किया था। वहीं कायरन पोलार्ड ने 2021 में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज में 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे।

दीपेंद्र ने नेपाल के लिए 5वें नंबर पर बैटिंग करते हुए 21 गेंद पर 64 रन बनाकर नाबाद रहे। दीपेंद्र 20 वें ओवर से पहले 15 गेंद में 28 बनाकर खेल रहे थे और नेपाल का स्कोर 7 विकेट पर 174 रन था। कतर की ओर से आखिरी ओवर कमरान खान करने आए। दीपेंद्र ने सभी 6 गेंदों पर छक्का जड़कर अपना स्कोर 28 से 64 किया। वहीं नेपाल का स्कोर भी 200 के पार पहुंचा दिया। दीपेंद्र ने अपनी पारी के दौरान 7 छक्के और 3 चौके भी लगाए। उनकी इस दमदार पारी के बौदलत ही नेपाल ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 7 विकेट पर 210 रन का स्कोर खड़ा किया।

दीपेंद्र टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने एशियन गेम्स में मंगोलिया के खिलाफ मैच में सिर्फ 9 गेंद में फिफ्टी ठोक दी थी। उनसे पहले टी-20 में सबसे तेज फिफ्टी बनाने का रिकॉर्ड भारत के बैटर युवराज सिंह के नाम था। युवराज सिंह ने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान 12 गेंद में अपना 50 रन पूरा किया था।



# दंपती और उनकी दो बेटियों समेत 7 लोग जिंदा जले

▪ **ट्रक में कार घुसी, दोनों में आग लगी**
▪ **सालासर बालाजी के दर्शन करने जा रहा थे**

**सीकर.** चूरू-सालासर स्टेट हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। आग से कार सवार दंपती और उनकी दो बेटियों समेत 7 लोग जिंदा जल गए। हादसा सीकर के फतेहपुर में रविवार दोपहर 2:30 बजे हुआ। कार में गैस किट लगा हुआ था और ट्रक में मेडिकल कॉटन(रूई) भरी हुई थी। पुलिस के मुताबिक हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकराई। कार सवार परिवार यूपी के मेरठ का रहने वाला था।

फतेहपुर कोतवाली SHO सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। वहीं ट्रक में लगी आग पर शाम 4 बजे के करीब काबू पाया गया। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, DSP रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर SHO मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।



### प्रत्यक्षदर्शी बोला- कार सवार मदद को चिल्ला रहे थे

प्रत्यक्षदर्शी रामनिवास सैनी ने बताया- दोपहर करीब 2:30 बजे की बात है। मैं अपनी पिकअप गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए पुलिया के पास सर्विस सेंटर पर जा रहा था। पुलिया के ऊपर से गुजर रहा था। तब मेरे पास से निकल रहे ट्रक को पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार ट्रक से जा टकराई। मैंने अपनी गाड़ी साइड में खड़ी की। तुरंत कार की ओर दौड़ा पीछे बैठे दो लोग मदद की गुहार भी लगा रहे थे। गाड़ी के पीछे लगी गैस किट की टंकी के आग तेज हो गई। इसके बाद मैंने सूचना पुलिस को दी।

### कार में मिले मोबाइल से हुई मरने वालों की पहचान

नाम नहीं बताने की शर्त पर मौके पर मौजूद एक युवक ने बताया कि गाड़ी से शव निकालते समय एक मोबाइल जला हुआ मिला था। पहले शवों को निकालकर राजकीय धानुका उप जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी पहुंचाया, उसके बाद जले हुए मोबाइल से सिम कार्ड निकाला और अपने मोबाइल में लगाया। मोबाइल में सिम लगाते ही एक कॉल आया। सामने से एक महिला की आवाज आई। उसने बताया कि वो आरके पुरम, दिल्ली रोड, मेरठ से बोल रही है। उसने अपनी मां को कॉल लगाया है। उसकी मां और भाई सेंट्रो कार से सालासर बालाजी गए थे। युवक ने महिला से कार सवार लोगों के नाम पूछे।

### मरने वालों में ये शामिल

मरने वालों में नीलम गोयल पत्नी मुकेश गोयल, आशुतोष गोयल पुत्र मुकेश गोयल निवासी शारदा रोड मेरठ, मंजू बिंदल पत्नी नरेंद्र बिंदल, हार्दिक बिंदल (35) पुत्र नरेंद्र, स्वाति बिंदल पत्नी हार्दिक, दीक्षा पुत्री हार्दिक (4) और दीक्षा की 2 साल की बहन कार में थी।

# इजरायल के साथ आए अमेरिका और ब्रिटेन

▪ **आधी दुनिया भड़की**

**नई दिल्ली.** ईरान ने बड़े पैमाने पर इजरायली धरती पर ड्रोन हमले किए हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि ईरान से इजरायली धरती को निशाना बनाते हुए 200 से अधिक ड्रोन छोड़े गए। इजरायल इस हमल पर बुरी तरह भड़का हुआ है। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने वॉर कैबिनेट बुलाई है। उधर, यूएन ने भी आपातकालीन बैठक की है। हालात बेहद बुरे हैं। हालांकि अभी इजरायल को हमले को कितना नुकसान हुआ, इसका सटीक अंदाजा अभी सामने नहीं आया लेकिन, इजरायल ने अभी भी अलर्ट मोड पर रहने का फैसला लिया है। इजरायली सरकार का मानना है कि ईरान अभी और हमले कर सकता है। उधर, इजरायल पर हमले को बाद अमेरिका और ब्रिटेन जैसे ताकतवर मुल्कों ने नेतन्याहू को अपना समर्थन दिया है। आधी दुनिया ईरान पर भड़की हुई है। हालांकि ईरान ने इस अटैक को



कुछ दिन पहले सीरिया पर उसके दूतावास पर हुए हमले का जवाब बताया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गा कॉर्प्स ने कहा कि उसने रविवार इजरायल पर दर्जनों ड्रोन और मिसाइलें लॉन्च कीं। ईरान के इस कदम की पहले से ही आशंका जताई जा रही थी और अब ईरान के अटैक के बाद दुनिया के सामने दुश्मनी का नया चैप्टर खुल गया है। फिलिस्तीनी आतंकियों के साथ ईरान संग नई दुश्मनी से इजरायल बड़ी तैयारी कर रहा है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के हमले पर कहा, ्हाल के वर्षों में, और विशेष रूप से हाल के हफ्तों में, इज़रायल ईरान द्वारा सीधे हमले की तैयारी कर रहा है। हमारी रक्षात्मक प्रणालियां तैनात हैं। हम रक्षात्मक और आक्रामक दोनों तरह से किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। इज़राइल काफी मजबूत राष्ट्र है और हमारे पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ आर्मी है।

उधर, हमले के बाद इजरायल को अमेरिका और ब्रिटेन का समर्थन मिला है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन सारे काम छोड़कर इजरायल के साथ होने की घोषणा कर चुके हैं। नेतन्याहू ने कहा हम इजरायल के साथ खड़े अमेरिका के साथ-साथ ब्रिटेन, फ्रांस और कई अन्य देशों के समर्थन की सराहना करते हैं।

# राम मंदिर में चार दिन तक नहीं होंगे रामलला के VIP दर्शन

**अयोध्या.** रामनवमी के पहले से ही रामलला के वीआईपी दर्शन नहीं होंगे। सोमवार से गुरुवार तक के लिए यह प्रतिबंध लगाए गए हैं। रामनवमी पर श्रद्धालुओं की लाखों की भीड़ आने की संभावना के चलते यह निर्णय श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने लिया है। इसके साथ ही पूर्व में 15 से 18 अप्रैल तक के लिए ऑनलाइन बनवाए गए पास को भी रद्द कर दिया गया है। अब तक सुगम दर्शन, विशिष्ट दर्शन व दिन भर में होने वाली रामलला की तीन आरती के पास पर श्रद्धालु दर्शन करते थे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अब इन चार दिनों के लिए आफलाइन कोई पास नहीं बनाए जा रहे हैं। पहले से बने पास रद्द कर दिए गए हैं।

रामप्रकाश ने बताया कि अब तक की योजना के अनुसार सुबह पांच बजे मंगला आरती के बाद से मंदिर आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद रात में 12 बजे शयन आरती के साथ ही राममंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। यह व्यवस्था 18 अप्रैल तक लागू रहेगी। बता दें कि श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टीज की बैठक के दौरान भी वीआईपी दर्शन के संबंध में यही अपील की गई थी अब यह सोमवार से प्रभावी मानी जाएगी।

## संक्षेप...

### 79 हजार की आनलाइन ठगी

**भिवंडी.** टेमघर स्थित हरेश्वर कोऑपरेटिव सोसाइटी निवासी अखिल देशपांडे का बंद फ्लिपकार्ट अकाउंट चालू करने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 79,237रुपए की आनलाइन ठगी का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,हरेश्वर कोआपरेटिव निवासी अखिल देशपांडे का फ्लिपकार्ड एकाउंट बंद था.अज्ञात व्यक्ति ने फ्लिपकार्ट के बंद हुए खाते को चालू कर भारी लाभ का झांसा देकर अलग अलग बैंक एकाउंट में 79,237 रुपए जमा करने को कहा.अखिल देशपांडे द्वारा बैंक खाते में पैसा डिपाजिट के बाद भी फ्लिपकार्ट का एकाउंट नहीं शुरू होने पर ठगी का एहसास होने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है.

# सलमान खान के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग



- CCTV फुटेज में दो बाइकर्स दिखे
- लॉरेंस गैंग ने किया हमले का दावा

**मुंबई.** सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। दो बाइक से आए हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे।

घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है।

एक्टर के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।

### 7.8 बोर की बंदूक से फायरिंग हुई

मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि फायरिंग जिस बंदूक से की गई थी, वो 7.6 बोर की बंदूक थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक




लाइव बुलेट मिली है। पुलिस ने आरोपियों की एक बाइक को भी जब्त कर लिया है। फोरेंसिक टीम इसकी जांच कर रही है।

पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी राज्य के बाहर के हो सकते हैं और इनकी लंबाई 5 फीट 8 इंच हो सकती है। सलमान के घर के बाहर जितने भी CCTV कैमरे लगे थे, उनके DVR को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली

इस घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली है। ग्रुप के मेंबर अनमोल बिश्नोई ने एक पोस्ट शेयर की है। जिसमें लिखा है कि आने वाले समय में भी सलमान पर हमला हो सकता है। हालांकि पुलिस की तरफ से इस पोस्ट की पुष्टि नहीं की गई है।

# ठाणे में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ



**ठाणे.** अग्निशमन दिवस पर मनपा अग्निशमन विभाग की ओर से सेवा सप्ताह का भव्य आयोजित किया गया है।इस कार्यक्रम का शुरुआत शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजली मनपा अतिरिक्त (1) संदीप मालवी अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे ने बालकूम अग्निशमन केंद्र स्थित शहीद स्तंभ का अभिवादन किया।मुंबई में 14 अप्रैल 1944 में भयानक आग को बुझाने में अग्निशमन दल के जवान शहीद हुए थे उनके याद में अग्निशमन दिवस मनाया जाता है।इसके साथ ही 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है।इस अवसर पर मनपा उपायुक्त उमेश बिरारी, उपायुक्त (अग्निशमन विभाग) दिनेश तायडे, अग्निशमन दल के प्रमुख गिरीश झलके, आपत्ती व्यवस्थापन अधिकारी यासिन तडवी आदी उपस्थित थे।



सिंधू यूथ सर्कल द्वारा आयोजित चेटीचंड कार्यक्रम में पर्यावरण के लिए कार्य करने वाली संस्था स्वच्छगिरी फाउंडेशन के प्रमुख एड. राज चांढवानी को सम्मानित किया गया।

# मनपा आयुक्त ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** 14 अप्रैल 1944 को बॉम्बे डॉक पर लगी भीषण आग से लड़ते हुए 66 फायरमैन शहीद हो गये थे. शासन के निर्देशानुसार उनकी स्मृति में प्रत्येक वर्ष ₹14 अप्रैल से 20 अप्रैल₹ तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है, इसके अनुसार रविवार 14 अप्रैल अग्नि दिवस के अवसर पर कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त इंदु रानी जाखड़ द्वारा अग्निशमन एवं आपातकालीन विभाग के आधारवाड़ी मुख्यालय क्षेत्र में फायरफाइटर का झंडा फहराया गया और 1944 के अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के साथ-साथ अग्निशमन विभाग में कार्य करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई,

इस अवसर पर उपायुक्त धैर्यशील जाधव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रमुख संजय जाधव एवं अग्निशमन विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को जिला परिषद के सभागृह में अभिवादन किया गया

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के जयंती पर जिला परिषद के सभागृह में जिला परिषद की मुख्यकार्यकारी अधिकारी छायादेवी शिसोदे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते के हाथों से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के प्रतिमा पर हार फूल अर्पित कर अभिवादन किया गया।



इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग प्रमुख संजय बागुल, समाज कल्याण विभाग, महिला व बालविकास विभागातील अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवरात्रि उत्सव में उमड़ी भक्तों की भीड़

**भिवंडी.** ठाणे ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयानंद चौरघे के आवास पर आयोजित नवरात्रि उत्सव में भारी संख्या में भक्त गण एवम राजनैतिक दलों के नेताओं ने हाजिरी लगाकर माता दुर्गा का आशीर्वाद एवम प्रसाद ग्रहण किया. ठाणे ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयानंद चोरघे ने धर्मपत्नी एवम परिजनों संग माता की पूजा अर्चना की जिसमे भारी संख्या में भक्त गण शामिल हुए.



ठाणे ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयानंद चोरघे के आवास सरवली में नवरात्रि के पावन मौके पर दुर्गा माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया था.नवरात्रि मौके पर हुए आयोजन में विद्वान हिंदू धर्मगुरुओं नाईक महाराज आलंदी की मंडली ने दुर्गा माता की महिमा का बखान करते हुए कहा कि, माता दुर्गा की भक्ति से सभी कष्टों के दुख का निवारण करती हैं. माता दुर्गा के आशीर्वाद से सभी कार्य पूर्ण होते हैं. सत्संग स्थल पर भारी तादाद में उपस्थित भक्तों ने धार्मिक सत्संग सहित महाप्रसाद का लाभ ग्रहण किया.

# वेतन नहीं मिलने से परेशान मजदूर ने चाकू से मालिक पर किया हमला

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस स्टेशन की हद अरिहंत कंपाउंड में मालिक द्वारा वेतन नहीं दिए जाने से नाराज मजदूर द्वारा मालिक पर चाकू से हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है.पुलिस ने आरोपी मजदूर अमित प्रजापति को हिरासत में लिया है.

मिली जानकारी के अनुसार,पूर्णा गांव गोदाम परिसर अरिहंत कंपाउंड में पीवीसी प्लास्टिक गोदाम मालिक राकेश सिंह के गोदाम में अमित सौम्य प्रजापति (23) नामक मजदूर काम करता था.

पुलिस के अनुसार,मजदूर अमित प्रजापति का आरोप है कि कंपनी से काम छोड़े जाने के बाद मालिक राकेश सिंह ने 10 दिन बाद वेतन देने की बात कही लेकिन कई बार दौड़ाने के बाद भी वेतन नहीं दिया जिससे परेशान होकर उसने चाकू से हमला किया.पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है.मामले की तहकीकात पुलिस उपनिरीक्षक आशिष पवार कर रहे हैं.

# विदेश में पढ़ने जानेवाले छात्रा के प्रवेश पर रोक

- बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सूची अपडेट न करने का मामला




**मुंबई.** बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा सूचि अपडेट नहीं होने से विदेश में पढ़ने जानेवाले छात्र - छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे एक मामले में एनसीए कनाडा ने एक छात्रा के प्रवेश पर रोक लगाई हैं।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने बार कौंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन को लिखी चिठ्ठी में उदाहरणार्थ महाराष्ट्र के नवी मुंबई स्थित एमजीएम लॉ कॉलेज का ज़िक्र किया है। वर्ष 2013 में बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा इस विधि कॉलेज का निरीक्षण कर उसे मंजुरी दी गई थी। लेकिन बाद में कोई निरीक्षण नहीं हुआ और ना उस जानकारी को अपडेट किया गया है। जबकि यहां के छात्रों को प्रमाणपत्र दिया जाता है। यहाँ की एक छात्र गरिमा के प्रवेश पर एनसीए कनाडा ने इसलिए रोक लगा दी है क्योंकि बार कौंसिल ऑफ इंडिया की वेबसाइट के मुताबिक एमजीएम लॉ कॉलेज की मान्यता 2009 में खत्म हुई है। जबकि इस कॉलेज द्वारा 2024-2025 तक का शुल्क भी जमा किया है। अनिल गलगली के अनुसार महाराष्ट्र में ऐसे कई कॉलेज है जिनका नाम मान्यता की सूचि में नहीं है। अगर कॉलेज द्वारा शुल्क अदा किया है तो किसकी गलती है? इसका निर्णय बार कौंसिल ऑफ इंडिया को लेना है। समय पर मान्यता को लेकर निरीक्षण होकर उसकी सूचि अपडेट होती है तो निश्चित तौर पर छात्र- छात्राएं परेशान नहीं होगी।

### येऊर इलाके में किया गया वृक्षारोपण

**ठाणे.** पर्यावरण को बढ़ावा देने लिए वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से लोगो में जागरूकता फैलाने का प्रयास शिवशान्ति प्रतिष्ठान द्वारा निरंतर किया जा रहा है.मुंबई से सटे उपनगरीय इलाकों में आए दिन वृक्षों की कटाई होती रहती है.इससे पर्यावरण को खतरा होने की सम्भावना बनी रहती है.इन्हीं खतरों को देखते हुए शिवशान्ति प्रतिष्ठान प्रत्येक रविवार को अनेक क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का कार्य कर रहा है.इसी क्रम में रविवार के दिन ठाणे शहर से सटे सजंय गांधी राष्ट्रीय उद्यान बोरीवली,वनपरिक्षेत्र येऊर के पाटणपाड़ा में वृक्षारोपण किया गया जहां कई पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे.

# शतचंडी यज्ञ व माता की चौकी का आयोजन

**कल्याण.** सहयोग सामाजिक संस्था के माध्यम से पिछले 10 वर्षों से चैत्र नवरात्रि पर माता की मूर्ति स्थापित कर पूरे नौ दिनों तक शाम 7 से 10 बजे तक विभिन्न भोजपुरी गायकों के माध्यम से पचरा व देवीगीत का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी यह आयोजन अनवरत जारी है साथ ही नौ दिन तक शतचंडी महायज्ञ भी किया जा रहा है जिसमे उपस्थित होकर तमाम श्रद्धालु आहुतियां दे रहे हैं। इस महायज्ञ को सम्पन्न कराने के लिए काशी, प्रयाग व अयोध्या से आचार्यों का आगमन हुआ है।

संस्था के अध्यक्ष सीपी मिश्रा ने बताया कि लोककल्याण व



विश्वशांति की भावना के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। चैत्र की नवरात्रि से सनातन धर्म के नए वर्ष का प्रारंभ होता है इसलिए सभी का नववर्ष में मंगल हो इस कामना के साथ ही शतचंडी महायज्ञ व माता की चौकी प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। कल्याण पूर्व में चैत्र नवरात्रि पर गुण गोपाल मंदिर के प्रांगण में इस एकमात्र जगह पर सार्वजनिक नवरात्रि का आयोजन किया जाता है जहां पर न केवल कल्याण बल्कि आसपास के शहरों के लोग भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।

आचार्य शुक्ला ने कहा कि आदिशक्ति की श्रद्धा व भाव से पूजा करने पर मातारानी सभी कष्ट दूर करती हैं व सफल और सौभाग्यशाली रखती हैं। वहीं यज्ञशाला की अगर परिक्रमा भी कर ली जाय तो वह सभी कष्टों का उन्मूलन करने वाला साबित होता है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर पहुंच रहे हैं। शनिवार को भोजपुरी कें उत्कृष्ट गायक आशीष मिश्रा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। संस्था द्वारा आगंतुकों का स्मृति चिन्ह व आरती में शामिल कर सत्कार किया जा रहा है।

सहयोग सामाजिक संस्था के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील हैं। संस्था के इस कार्यक्रम में श्रीराम मानस प्रचार मंडल व जय श्रीराम मित्र मंडल भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। 17 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम के बाद भंडारे का भी आयोजन संस्था के माध्यम से किया गया है।

# राम चरण को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



- चेन्नई की वेल्स यूनिवर्सिटी ने दिया सम्मान
- वाइफ बोलीं- आप पर गर्व है डॉक्टर राम चरण

साउथ के सुपरस्टार राम चरण साउथ को चेन्नई की वेल्स यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। एक्टर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करते हुए यह जानकारी दी।

राम चरण इस ग्रेजुएशन सेरेमनी में चीफ गेस्ट भी थे। वेल्स यूनिवर्सिटी ने राम को यह सम्मान, फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान के लिए दिया है।

इवेंट की फोटोज शेयर करते हुए राम चरण ने लिखा, 'वेल्स यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि पाकर बहुत खुश हूं। चेन्नई के लोगों का और वो सभी जो मेरे सफर का हिस्स रहे, उनका शुक्रगुजार हूं। कई सपने और अचीवमेंट्स पूरे करने बाकी हैं।'

इवेंट में राम चरण के साथ उनकी वाइफ उपासना कामिनेनी भी मौजूद रहीं। उपासना ने भी इवेंट से कई फोटोज और वीडियो शेयर करते हुए अपने राम चरण को 'डॉक्टर' कहकर बुलाया।

उपासना ने इवेंट में जाने से पहले का एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें उन्होंने बताया कि वो इस मोमेंट के लिए कितनी एक्साइटेड थीं।

### 170 करोड़ में बन रही है 'गेम चेंजर'

वर्क फ्रंट पर राम चरण की अगली फिल्म 'गेम चेंजर' है। 170 करोड़ के बजट में बन रही इस फिल्म को शंकर डायरेक्ट करेंगे। फिल्म में राम चरण के अलावा कियारा आडवानी, अंजलि, एसजे सूर्या और जयराम समेत कई कलाकार नजर आएंगे।

सुपरस्टार चिरंजीवी के बेटे राम चरण ने साल 2007 में 'चिरुथा' से बतौर एक्टर डेब्यू किया था। वो अपने करियर में 'मगधीरा', 'येवाडु' और 'ध्रुव' जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं। एसएस राजामौली की ऑस्कर विनिंग फिल्म 'RRR' में भी राम लीड रोल में नजर आए थे।

# पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने रोड किया जाम

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** विठ्ठल नगर में रमजान माह में ठीक से पानी नहीं आने से आक्रोशित होकर वार्ड नंबर 19 की सैकड़ो महिलाओं,बच्चों ने मनपा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोपहर में रोड को जाम कर दिया. सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे नारपोली पुलिस अधिकारियों की टीम ने आक्रोशित महिलाओं को मनपा अधिकारियों से बातचीत करने का भरोसा देते हुए शांत कराया और तब जाकर मार्ग पर वाहनों का आवागमन शुरू हुआ. गौरतलब हो कि, विठ्ठल नगर मनपा वार्ड क्रमांक 19 अंतर्गत क्षेत्र में करीब 1 महीने से अधिक समय से



ठीक से पानी नहीं आने की शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा मनपा प्रशासन से बारंबार किए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ. महिलाओं का आरोप है कि रमजान माह में रोजा के दौरान भी ठीक से पानी नहीं मिला है.पानी नहीं आने से आक्रोशित क्षेत्र की नाराज महिलाओं ने एकजुट होकर रोड को जाम कर दिया जिससे कुछ समय तक वाहनों वाहनों का आवागमन ठप्प होने से भयंकर ट्रैफिक लग गया. महिलाओं का कहना था कि,पानी आने का कोई टाइम टेबल नहीं है.बेहद कम पानी आने से प्राइवेट टैंकर से पानी खरीदी कर पीना पड़ रहा है.पानी के लिए रात में रतजगा करने के बाद भी नल से बेहद कम मात्रा में पानी आने से लोग भारी कठिनाई झेल रहे हैं.महिलाओं ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि,चुनाव के वक्त सभी वोट मांगने आते हैं. समस्या होने पर निवारण के बजाय चुप्पी साधकर घर बैठ जाते है.मनपा टैक्स चुकाने के बाद भी मनपा पानी नहीं दे रही है जो अन्याय है.नारपोली पुलिस ने काफी समझा बुझाया और मनपा अधिकारियों से समस्या का हल निकाले जाने का भरोसा देते हुए महिलाओं को शांत किया.पुलिस के दखल के बाद महिलाओं के मार्ग से हटने के बाद धीरे-धीरे ट्रैफिक शुरू हुआ.महिलाओं को समझाने में पुलिस कर्मियों के पसीने छूट गए.नाराज महिलाओं ने कहा कि,अगर पानी नहीं मिलेगा तो ईद के बाद हजारों महिलाओं के साथ मनपा मुख्यालय का घेराव किया जाएगा.

### बाइक चोरी

**भिवंडी.** माणकोली नाका अंजूर मार्ग स्थित इमारत के पास रात को प्रीतम डोडे द्वारा पार्क मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर लेकर रफूचक्कर हो गए.शिकायत के बाद नारपोली पुलिस बाइक चोरी का मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है.

### गांजा पीते मजदूर धराया

**भिवंडी.** भिवंडी में पुलिस निजामपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत मूलचंद कंपाउंड में मजदूर राजकुमार पटेल को मादक पदार्थ गांजा पीते हुए निजामपुर पुलिस ने हिरासत में लिया.पुलिस ने कुछ समय बाद मजदूर को दुबारा गांजा नहीं पीने की चेतावनी देते हुए छोड़ दिया.भिवंडी में पुलिस द्वारा गंजेडियों पर दनादन शुरू एक्शन से खलबली मची है.










संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099